एमएलसी चुनाव में शिक्षक 82.77 तो स्नातक में 48.07 प्रतिशत मतदान

डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा, 48 केंद्रों पर 38 हजार मतदाताओं ने किया मतदान

हाजीपुर (आससे)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए वैशाली जिले में शुक्रवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। जिले में शिक्षक निर्वाचन में बंपर मतदान हुआ, जबकि स्नातक निर्वाचन में मतदान प्रतिशत आधे से कम रहा। जिले में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 82.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 48.07 प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाची पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने दिनभर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान व्यवस्था और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर तैनात पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के आवश्यक निर्देश दिए।

जिला प्रशासन द्वारा जिले में कुल 48 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 32 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 16 मतदान केंद्र शामिल थे। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 38,089 मतदाता पंजीकृत थे। सभी केंद्रों पर सुबह से शाम तक शांतिपूर्ण माहौल में मतदान की प्रक्रिया चली। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई थी। डीएम की सतत निगरानी, एसपी के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और पदाधिकारियों के बेहतर समन्वय के कारण जिले में कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

महुआ (आससे) के अनुसार महुआ प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को तिरहुत स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनाव के लिए बनाए गए तीन केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। स्नातक के लिए बूथ संख्या 70 और 70ए तथा शिक्षक के लिए बूथ संख्या 43 बनाया गया था। सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ।

मतदान की निगरानी जोनल पदाधिकारी-सह-एसडीएम विवेक चंद्र पटेल ने की। शिक्षक निर्वाचन केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारी किरण कुमारी, जबकि स्नातक केंद्रों पर निशांत कुमार एवं आशुतोष कुमार प्रतिनियुक्त थे। एएसपी-सह-एसडीपीओ पोलस्त कुमार और थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने केंद्रों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीण एसपी सोनू कुमार राय ने भी मतदान केंद्रों का जायजा लिया।

स्नातक केंद्रों पर धीमी मतदान प्रक्रिया से मतदाताओं को परेशानी हुई। घंटों लाइन में लगने के बाद पीठासीन पदाधिकारी ने कतार में लगे मतदाताओं को पर्ची देकर मतदान कराया। एसडीएम विवेक चंद्र पटेल ने बताया कि स्नातक में लगभग 50 प्रतिशत मतदान हुआ। समाचार लिखे जाने तक कई मतदाता अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए।

राजापाकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को तिरहुत स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कार्यालय में स्थापित बूथ संख्या 54 पर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान हुआ। यहां कुल 116 मतों में से 107 मत पड़े, जो कुल 92 प्रतिशत है। इनमें 81 पुरुष और 26 महिला शिक्षकों ने मतदान किया। वहीं प्रखंड कार्यालय सभागार में बने बूथ संख्या 85 पर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान हुआ। यहां कुल 1141 मतों में से 571 मत पड़े, जो लगभग 50 प्रतिशत है। मौके पर नोडल पदाधिकारी श्रवण कुमार सिंह तैनात रहे। बूथ संख्या 85 पर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मिट्टी जांच प्रयोगशाला, हाजीपुर के कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार दास तैनात थे। वहीं बूथ संख्या 54 पर हाजीपुर के बीडीओ पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मौजूद थे।



हाजीपुर



हाजीपुर



महुआ



राजापाकर

शिक्षक सीट के लिए सोनपुर में ९२ प्रतिशत मतदान

सोनपुर कोर्ट। बिहार विधान परिषद के सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव 2026 के तहत शुक्रवार को सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच शिक्षकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सोनपुर में कुल 264 वैध मतदाताओं में से 244 ने मतदान किया। इनमें 169 पुरुष और 75 महिला मतदाता शामिल रहीं। इस प्रकार प्रखंड में लगभग 92.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत लगभग 90.86 और महिला मतदाताओं का लगभग 96.15 प्रतिशत रहा। मतदान में महिला मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान शुरू होते ही सुबह से ही मतदान केंद्र पर शिक्षक मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई। कई मतदाता कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मतदान केंद्र पर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट भी मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सोनपुर डीएसपी सुमित कुमार आर्य और सोनपुर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने की।

सोनपुर प्रखंड में कुल 274 मतदाताओं के नाम दर्ज थे, जिनमें से नौ मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। इनमें दो महिलाएं और सात पुरुष शामिल थे। इसके बाद मतदान के लिए 264 मतदाता शेष रहे। इनमें 186 पुरुष और 78 महिला मतदाता थीं। मतदान करने वालों में 169 पुरुष तथा 75 महिलाएं शामिल रहीं। इस तरह पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा।

आंकड़े बताते हैं कि सोनपुर में मतदान के प्रति महिलाओं ने अधिक उत्साह दिखाया।

79 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। नगर थाना पुलिस ने अनवरपुर पूर्वी नया टोला में छापेमारी कर 79.02 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महुआ थाना क्षेत्र के फुलार निवासी आशीष रंजन है, जो अनवरपुर में बड्डी मिश्रा के मकान की तीसरी मंजिल पर किराए पर रहता था।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को दिवा गश्ती के दौरान मध्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना से सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध मादक पदार्थ का कारोबार कर रहा है। सूचना पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए दंडाधिकारी के साथ छापेमारी की गई।

पुलिस को देख आरोपी ने दरवाजा बंद कर लिया, जिसे बल प्रयोग कर खुलवाया गया। उसके हाथ में मिले लाल झोले से तीन साबुनदानी में पारदर्शी पॉलीथिन में पैक 79.02 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मौके से पांच सौ खाली प्लास्टिक डिब्बे, तीन सौ ढक्कन और दो सैमसंग मोबाइल भी मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मादक पदार्थ बिदुपुर के खिलवत निवासी भूषण कुमार लाकर देता है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर आशीष को जेल भेज दिया है, जबकि भूषण की तलाश जारी है।

हरिहर क्षेत्र में मेला के लिए निर्माण शुरू, बांस-बल्ली के साथ पहुंचे कारीगर

22 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा विश्व प्रसिद्ध पशु मेला, कार्तिक पूर्णिमा पर होगा शुभारंभ

हाजीपुर (आससे)। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले की रौनक इस बार निर्धारित समय से एक माह पहले ही लौटने लगी है। जिला प्रशासन ने पिछले साल हुई अव्यवस्था से सबक लेते हुए इवेंट प्रबंधन का टेंडर समय से पहले फाइनल कर दिया है, जिससे तैयारियां रफ्तार पकड़ चुकी हैं।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार 25 लाख रुपये का यह टेंडर अमित इंटरप्राइजेज सोनपुर को मिला है। वर्क ऑर्डर जारी होते ही एजेंसी ने मेला परिसर में बांस-बल्ली गिराकर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। मुख्य पंडाल और आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज के लिए ढांचे खड़े किए जा रहे हैं। मैदान में कारीगरों की चहल-पहल से मेले का अहसास होने लगा है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष टेंडर प्रक्रिया में विलंब के कारण मेले की तैयारियां प्रभावित हुई थी। टेंडर मेला शुरू होने से महज सात दिन पहले फाइनल हुआ था, जिससे सजावट का कार्य अधूरा रह गया था। उद्घाटन के बाद भी कई जगहों पर काम चलता रहा, जिससे देश-विदेश से आए पर्यटकों को असुविधा हुई थी। इस बार एक माह पहले टेंडर होने से बेहतर प्रबंधन की उम्मीद है।

प्रशासन की योजना के अनुसार मेला परिसर में 220 फीट लंबा और 100 फीट चौड़ा विशाल मुख्य पंडाल बनाया जाएगा। इसी पंडाल में उद्घाटन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरकारी विभागों की प्रदर्शनियां आयोजित होंगी। पर्यटकों के स्वागत के लिए छह थीम आधारित प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे, जो मिथिला, मगध और भोजपुर की लोककला को प्रदर्शित करेंगे।

मेले का प्रमुख आकर्षण 38 हजार वर्गफीट में विकसित होने वाला आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज होगा। यहां देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी कृतियों और हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। परिसर में 35 स्टॉल वाला वीआईपी लाउंज और अत्याधुनिक मीडिया सेंटर भी बनाया जाएगा, जहां पत्रकारों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरे और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। यह विश्व प्रसिद्ध मेला 22 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा-गंडक संगम में स्नान और बाबा हरिहरनाथ की पूजा-अर्चना के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ होगा।





साहित्य-संस्कृति पर हमले का दृढ़ता से मुकाबला जरूरी

हाजीपुर (आससे)। साहित्य और संस्कृति के समक्ष चुनौतियां और जिम्मेदारियां विषय पर गुरुवार को हाजीपुर के सिनेमा रोड स्थित बाबू शिवजी राय मेमोरियल लाइब्रेरी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



शिक्षाविद और लेखक अरुण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विषय प्रवेश संस्कृतिकर्मी एवं न्यासी अध्यक्ष कुमार वीर भूषण ने कराया। इसके बाद बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। शिक्षक उमेश कुमार निराला ने कहा कि साहित्य-संस्कृति की चुनौतियों को स्कूली शिक्षा और अभिभावकों की भूमिका से जोड़कर देखना होगा। आधुनिकता और संचार क्रांति ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। लेखक, शिक्षक और रंगकर्मी डॉ. सुधांशु चक्रवर्ती ने कहा कि साहित्य में संक्रमण काल जैसी स्थिति है। इसके लिए भय, नफरत और शिक्षा विरोधी राजनीतिक व्यवस्था जिम्मेदार है। सत्ता हर तरफ नियंत्रण की पराकाष्ठा पर है।

वैशाली सांस्कृतिक मोर्चा के रामानंद गुप्ता ने कहा कि साजिश के तहत साहित्य की धाराओं और संस्कृति के केंद्रों पर प्रहार किया जा रहा है। समाज को बौद्धिकता विरोधी बनाया जा रहा है, लेकिन सृजनधर्मी साहस के साथ डटे हैं। वरिष्ठ रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश ने कहा कि सत्ता, न्यायालय और संगठनों में बैठा हर शीर्ष व्यक्ति खुद को राजा या ईश्वर मान बैठा है और सृजनधर्मियों से डरा हुआ है, इसलिए संस्कृति पर हमले हो रहे हैं।

दलित विमर्श के चिंतक घनश्याम कुमार दाहा ने कहा कि चुनौतियों के दौर में ही श्रेष्ठ साहित्य रचा जाता है। वैचारिक लेखक जान का खतरा होने के बावजूद लिख रहे हैं। रेलवे अधिकारी राजकुमार ठाकुर ने समाज में व्याप्त गैर-बराबरी, भेदभाव और असहिष्णुता पर चिंता जताई। साहित्य सचिव डॉ. अरुण कुमार निराला ने कहा कि टकराववादी संचार ने संस्कृति के अर्थ ही बदल दिए हैं। हमें धैर्य के साथ रचनाधर्मिता के बल पर आगे निकलना होगा। डॉ. महेंद्र प्रियदर्शी, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर कुमार और प्रियंका कुमारी ने भी विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध सचिव राजेश पराशर ने किया।

महुआ को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए मंत्री संजय सिंह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले

हाजीपुर (आससे)। बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री सह महुआ विधायक संजय सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महुआ को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के भगवानपुर रेलवे स्टेशन से महुआ होते हुए ताजपुर-समस्तीपुर तक नई रेल लाइन के निर्माण हेतु सर्वे कार्य शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मंत्री संजय सिंह ने पूर्व में भी रेल मंत्री से मिलकर क्षेत्रवासियों के हित में यह मांग रखी थी। शुक्रवार को पुन: इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र सर्वे कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। मंत्री संजय सिंह ने कहा कि महुआ को रेल नेटवर्क से जोड़ना क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है। यह परियोजना क्षेत्र के विकास, व्यापार, रोजगार और आवागमन की सुविधा के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी। हमारा निरंतर प्रयास है कि महुआ की यह बहुप्रतीक्षित मांग जल्द पूरी हो और क्षेत्र को विकास की नई गति मिले। रेल मंत्री के आश्वासन के बाद महुआ और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है। उक्त जानकारी युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा ने दी।



पथ प्रहरी पोर्टल पर शिकायत के बाद भरा एनएच-322 का गड्ढा

जिलाधिकारी ने की जिलेवासियों से सतर्क रहने और सूचना देने की अपील

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह की पहल पर शुरू किए गए %वैशाली पथ प्रहरी% पोर्टल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। पोर्टल पर प्राप्त एक शिकायत के बाद हाजीपुर-जंदाहा मार्ग स्थित एनएच-322 के गड्ढे की मरम्मत करा दी गई है। गाजीपुर चौक के समीप बड़ी पुलिया के पास एनएच-322 पर सड़क में बड़ा गड्ढा हो गया था। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। गड्ढे के कारण वाहन चालकों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी।



इस संबंध में नागरिक अनिल कुमार ने पोर्टल https://praharivaishali.bihar.gov.in पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने फोटो और जीपीएस लोकेशन भी अपलोड की थी। शिकायत पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को गड्ढे की मरम्मत का निर्देश दिया। जिसके बाद गड्ढे को भरकर आवागमन सुचारू किया गया। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि %वैशाली पथ प्रहरी% सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन-नागरिक समन्वय का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि सड़क पर गड्ढा, क्षतिग्रस्त सड़क, खराब स्ट्रीट लाइट या खतरनाक मोड़ दिखने पर उसे नजरअंदाज न करें। लोग फोटो और लोकेशन के साथ पोर्टल पर सूचना दर्ज कराएं। आपकी एक सूचना संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

वाराणसी में वैशाली के युवाओं ने लहराया परचम वंदे मातरम् कैंप में बिहार को दूसरा स्थान

हाजीपुर (आससे)। वैशाली के युवाओं ने राष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन किया है। वाराणसी में आयोजित वंदे मातरम् कैंप में वैशाली के चार युवाओं की शानदार प्रस्तुति की बदौलत बिहार की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाराणसी में राष्ट्रीय स्तरीय वंदे मातरम् कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें देशभर की टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। बिहार की टीम में वैशाली जिले के चार युवा शामिल थे। वैशाली की श्वेता कुमारी, रुचिका कुमारी, करण तिवारी और शिवम राज ने बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति में बिहार की लोक संस्कृति और विरासत की झलक दिखी। निर्णायकों ने उनकी कला को सराहा और बिहार को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि जिले के युवाओं में अपार प्रतिभा है। जिला प्रशासन युवाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।



26 कार्टन विदेशी शराब बरामद

हाजीपुर (आससे)। सराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर 26 कार्टन विदेशी शराब बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात पुलिस को शराब के अवैध भंडारण की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने स्थानीय चौकीदार के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान शीतल भकुरहर गांव में खेत में लगे ताड़ के पेड़ के पास भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब रखी मिली। इसमें 750 एमएल, 375 एमएल और 180 एमएल की बोतलें शामिल हैं। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर जप्ती सूची तैयार की और थाना लाया। मामले में शीतल भकुरहर निवासी रंजन सिंह, पिता स्व. कौशल किशोर सिंह का नाम सामने आया है। उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 26 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी।

लालगंज में आम रास्ता बंद होने से दो सौ परिवारों की बढ़ी परेशानी

हाजीपुर। लालगंज प्रखंड के बसंता जहानाबाद गांव में वर्षों पुराना आम रास्ता अवरुद्ध होने से करीब 200 परिवारों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। रास्ता बंद होने से वार्ड संख्या एक और दो के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने वैशाली पुलिस अधीक्षक और लालगंज अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर स्थलीय जांच कराने और अवरुद्ध रास्ते को अतिशीघ्र चालू कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रखंड कार्यालय से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।



स्थानीय लोगों के अनुसार यह रास्ता केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि जनजीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण मार्ग है। लगभग पांच वर्ष पूर्व जनप्रतिनिधि के प्रयास से इस पर पेवर ब्लॉक लगाया गया था, जिससे लोगों को सुविधा हो रही थी। अब रास्ता बंद होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यही मार्ग श्मशान घाट, छठ पूजा घाट और स्थानीय हाट-बाजार तक पहुंचने का प्रमुख जरिया है। रास्ता अवरुद्ध होने से दैनिक कार्य बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब जांच कर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, **सुजाता कुमारी,** पिता- Nawal Kishor Singh, पता- क्वार्टर संख्या- 16, SNCA रेलवे कॉलोनी, किशनगंज, बिहार की निवासी हूँ। मेरे 10वीं के प्रमाण-पत्र एवं 12वीं की मार्क शीट में मेरे पिता का नाम NAWAL KISHORE SINGH दर्ज है जो की गलत है। सही नाम 'NAWAL KISHOR SINGH' पिता- राम एकबाल सिंह है एवं मेरे आधार एवं पैन कार्ड में दर्ज है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शपथ-पत्र संख्या 3025 / 18.03.2026

शपथ पत्र

मैं, बिनोद कुमार, पिता-महादेव साह, ग्राम-रेडिया, डाकघर एवं पुलिस थाना-बिक्रमगंज, जिला रोहतास, बिहार, शपथ पत्र संख्या-21035, दिनांक 13.10.2026 के अनुसार यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 381552374994 में मेरा सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री सलोनी कुमारी के आधार कार्ड 586446077422 में पिता का सही नाम बिनोद कुमार दर्ज है। लेकिन उसके CBSE बोर्ड की उत्तीर्ण मैट्रिक सहित सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम बिनोद गुप्ता दर्ज है, जो कि गलत है। अत: मैं शपथ पत्र से घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का नाम बिनोद कुमार दर्ज करने की कृपा करें, जो सही और सत्य है।

9/482/26

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, Aadhar No.-559830410485 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

AFFIDAVIT

I, hitherto known as Ramaji Yadav (Old Name) Son Baharan Yadav (Father/Husband's name) residing at Vill-Hiranda, P.O-Maniara, Police Station-Kuchaikot, Distt.-Gopalganj, Bihar (Residential Address) have changed my name and shall hereafter be konwn as Ramesh Yadav. (New Name) It is certified that I have complied with name and legal requirements in this connection. Aff No.-146/16.10.26

9/614/26

नाम परिवर्तन

मैं, रीना देवी (Rina Devi) पति श्री अजित कुमार सिंह पता- रोड नं.-7ए, Q. No.-5A, इन्द्रपुरी पो.-केशरीनगर, थाना-पाटलीपुत्रा पटना (बिहार)-800024 द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे पति अजित कुमार सिंह के सर्विस रेकार्ड एवं पेंशन बुक में मेरा सही नाम रीना देवी (Rina Devi) अंकित है। परन्तु मेरे आधार सं. 861155874234 में हिन्दी अक्षर में रीना देवी एवं अंग्रेजी शब्द में Reena Devi अंकित हो गया है। शपथ पत्र सं.-12367 दिनांक 12.10.26 के आलोक में मैं रीना देवी (Rina Devi) के नाम से ही जानी व पहचानी जाऊंगी, जो सभी कार्य में मान्य होगा।

रसीद सं. 927

Name Change

I, Rina Devi W/o Ajit Kumar Singh R/o Road No.-7A, Q. No.-5A, Indrapuri, P.O.-Keshrinagar P.S.-Patliputra, Patna-800024 (Bihar) vide Affidavit No.-12367 dated 12.10.2026 declare that my name is wrongly mentioned in my Aadhar No.-861155874234 as Reena Devi. That my correct name is Rina Devi which is mention in my Husband's service record and Pension book. From now I will be known as Rina Devi for all purposes.

CM-927

Affidavit

I, Md. Shadab Mazhar @ Md. Shabab Anwar S/o Md. Raquib Khan R/o Mohalla- Islam Nagar, ward No.-31, P.O.+P.S.-Nawada, Distt.-Nawada, Bihar-805110 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 17807 dt. 15.10.26 that my name is mentioned in my acedemic record as Md. Shadab Mazhar which is correct. Md. Shadab Mazhar and Md. Shabab Anwar both names are same and one person. From now I shall be known as Md. Shadab Mazhar for all purposes.

शपथ पत्र

मैं, विरेन्द्र पाण्डेय (Virendra Pandey) पिता-वलेश्वर पाण्डेय, ग्राम-सोन्धी, पो.-मसुढी, थाना-जगदीशपुर, बिहार शपथ पत्र सं. 3332 दि. 23.10.26 द्वारा सूचित करता हूं कि Security and Intelligence Service (India) Limited के कागजात में मेरा नाम Birendra Kumar Pandey दर्ज है जबकि आधारकार्ड में विरेन्द्र पाण्डेय (Virendra Pandey) दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूं। मेरा सही नाम Virendra Pandey है और इसी नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

9/482/26

शपथ-पत्र

मैं मुखदेव राय उर्फ भुखदेव राय पिता काली राय उर्फ कल्यानचन्द्र राय ग्राम-गांग सरगटी पो.-साधपुर जिला-सारण का स्थायी निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से एलआईसी में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी सं. 535427618 है जिसमें मेरा नाम मुखदेव राय पिता का नाम काली राय दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.-**** 5580 एवं बैंक खाता मे मेरा नाम भुखदेव राय तथा पिता का नाम कल्यानचन्द्र राय दर्ज हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। 31236/15-10-26

9/509/26

शपथ पत्र

मैं, अफताब आलम, पिता-अबदुल हकिम मुहल्ला-नाजिरगंज रौजा, पोस्ट-आरा, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर, आरा का स्थायी निवासी हूं। मेरा शपथ पत्र संख्या 56542 है। दिनांक 07.10.2026 से यह शपथ लेता हूं कि पूर्व में मैं अफताब नाम से जाना जाता था। अब मैं अफताब आलम के नाम से जाना जाता हूं। ये दोनों नाम मेरा ही है।

9/482/26

शपथ-पत्र

मैं, रुस्तम अली, पिता स्व. लाल मोहम्मद, निवासी रामलीला मठिया, पो.वो थाना भगवान बाजार, जिला- सारण, बिहार-841301, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग पुत्री के आधार संख्या 7933 4077 8559 मे उसका नाम अफसा अली (AFSA ALI) एवं जन्मतिथि 22.02.2010 दर्ज है, जो गलत हैं मेरी पुत्री का सही नाम अक्सा अली (AQSA ALI) एवं सही जन्मतिथि 22.02.2012 है। अत: मेरी नाबालिग पुत्री को भविष्य में अक्सा अली (AQSA ALI) के नाम से जाना जाएगा तथा उसकी सही जन्मतिथि 22.02.2012 होगी। शपथ-पत्र संख्या-30649, दिनांक-07.10.2026

9/509/26

SAVE
सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नं. 761, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नं. 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली-110075,
CIN: U65100DL2011PLC214079;
ईमेल आईडी: cs@saveind.in
शाखा स्थानांतरित करने हेतु विज्ञापन
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे आगे "कंपनी" कहा जाएगा), जो कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है तथा राष्ट्रीय आवास बैंक ("NHB") में आवास वित्त कंपनी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या DOR-00098 दिनांक 04 जुलाई, 2023 के माध्यम से पंजीकृत है, अपनी शाखा, जो सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, श्रीमती शकुंतला देवी, पत्नी श्री ललित प्रसाद, लक्ष्मी निवास, दूसरी मंजिल, क्लब रोड, रामना डाकघर के सामने, पानी टंकी चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001 में स्थित है, को 24 जनवरी, 2027 से स्थानांतरित करना चाहती है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारी वर्तमान शाखा से संबंधित सभी पत्राचार एवं परिचालन अब निम्नलिखित पते पर स्थित हमारी नई शाखा द्वारा संभाले जाएंगे: सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सविता कुमारी, केयर ऑफ स्वर्गीय नलिन रंजन, एनएच-28, आर.के. टॉवर के सामने, बीबीगंज, भरमपुरा रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार। सभी खाते एवं संबंधित अभिलेख तदनुसार स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।
किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए, ग्राहक निम्नलिखित ईमेल पर लिख सकते हैं: • cs@saveind.in
कृते सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ता./-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थान: मुजफ्फरपुर, बिहार
दिनांक: 24.10.2026
DIN: 01857072

SAVE
सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075,
सीआईएन: U67110DL1995PTC379505
ई-मेल: cs@saveind.in
शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन
यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) (कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या: बी-14.03557 दिनांक 23 सितंबर, 2021) के अनुसार पंजीकृत है श्रीमती शकुंतला देवी पत्नी श्री ललित प्रसाद, लक्ष्मी निवास, दूसरी मंजिल, क्लब रोड, रमना पोस्ट ऑफिस के सामने, पानी टंकी चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001 में स्थित अपनी शाखा को 24 जनवरी 2027 से स्थानांतरित करना चाहता है।
आपको यह सूचित किया जाता है कि हमारी वर्तमान शाखा से सभी संचार और संचालन अब नीचे दिए गए पते पर स्थित हमारी नई शाखा द्वारा संचालित की जाएगी:- सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सविता कुमारी सी/ओ स्वर्गीय नलिन रंजन, एनएच-28, आरके टावर के सामने, बीबीगंज, भरमपुरा रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार-842001. सभी खाते और संबंधित अभिलेख तदनुसार स्थानांतरित किए जाएंगे।
किसी भी सवाल या परेशानी के लिए ग्राहक इस पते पर लिख सकते है: Email: cs@saveind.in
सेव फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थानः मुजफ्फरपुर, बिहार
दिनांकः 23-10-2026
डीआईएनः 01857072

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक